


# महाशिवरात्रि पर्व पर धूमधाम से निकली राजाधिराज की बारात

## जबलपुर का बैंड व शहनाई तथा प्रयागराज की झांकी रही आकर्षण की केंद्र, रथ में सवार होकर निकले दूल्हा सरकार

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 15 फरवरी महाशिवरात्रि पर्व पर धूमधाम से राजाधिराज मत्तगजेंद्रनाथ सरकार की बारात निकली जबलपुर का बैंड और शहनाई तथा प्रयागराज से आई झांकी आकर्षण का केंद्र रही 4 प्रहर की महाआरती रतजगा और अनुष्ठानों का दौर जारी रहा।**



बुंदेली सेना नें फूलों की जोरदार वर्षा करके बारात का जयपुरिया तिराहे में स्वागत किया और पंचमेवा व बूंदी का प्रसाद वितरित किया मंदिर ट्रस्ट के कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीपदास महराज ने बताया कि महाशिवरात्रि पर मंदिर की फूलो से भव्य सजावट की गई भोर से ही जलाभिषेक का दौर शुरू हुआ और हर .हर बम .बम के जयकारे गूँजते रहे भजनों की बयार बही दोपहर से वृहद फ्लाहारी भण्डारे का दौर चला और शाम 4 बजे रामघाट से राजा धिराज सरकार की बारात निकली बारात में अखाडो के निशान संतम प्रयागराज की झांकी जबलपुर का बैंड हांथी घोड़ों और रथ में सवार दूल्हा सरकार आकर्षण के केंद्र रहें बारात राम घाट से जयपुरिया तिराहा होते हुए पुराना सीतापुर बसस्टा पचौगलिया होते हुए रामघाट पहुंची मंदिर के प्रधान पुजारी विपिन बिहारी महराज ने बताया कि महाशिवरात्रि पर्व पर शाम 8.30 बजे पहली महाआरती इसके बाद रात्रि 11.30 बजे दूसरी 2 बजे तीसरी और शुभ 4 बजे मंगला आरती हुई जबलपुर की शहनाई मंदिर में गूंजती रही और पूरी रात भजन कीर्तन अनुष्ठान और रतजगा का दौर चला बारात का जयपुरिया तिराहे में बुंदेली सेना द्वारा भव्य स्वागत बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि पिछले करीब एक दशक से चली आ रही परम्परा के अनुसार उनकी टीम द्वारा जयपुरिया तिराहे में राजाधिराज मत्तगजेंद्रनाथ सरकार की बारात का स्वागत किया गया बारात पर फूलों की वर्षा अंकित पहारिया द्वारा कराई गई 51 किलो पंच मेवा प्रसाद का वितरण किया गया 51 किलो बूंदी और भांग प्रसाद जानकीशरण सिंह नें किया स्वागत में जानकीशरण गुप्ता कर्वी माडी प्रधान प्रतिनिधि बद्री सिंह पटेल अतुल सिंह वीपी पटेल क्मल सिंह अशोक सिंह संजय सोनी आदि अन्य भक्तजन मौजूद रहे

# क्षतिग्रस्त स्ट्रीट लाइट के खंभे के कारण दुर्घटना की आशंका

नवभारत न्यूज

**रामपुर बाघेलान 15 फरवरी। रामपुर बाघेलान क्षेत्र के प्रिज्म मोड़ के ऊपर स्थित सतना-रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक स्ट्रीट लाइट का खंभा पिछले कई दिनों से क्षतिग्रस्त अवस्था में खड़ा है। यह जर्जर खंभा कभी भी गिर सकता है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों की जान को गंभीर खतरा बना हुआ है।**

स्थानीय लोगों के अनुसार, खंभा टेढ़ी हालत में सड़क किनारे झुका हुआ है और तेज हवा या किसी भारी वाहन के कंपन से गिरने की आशंका बनी हुई है। यह मार्ग अत्यंत व्यस्त रहता है।और इसी रास्ते से प्रतिदिन बड़ी संख्या में वाहन गुजरते हैं। खास बात यह है कि इसी सड़क से संबंधित विभागों के जिम्मेदार अधिकारियों का भी नियमित आना-जाना रहता है,



इसके बावजूद अभी तक इस ओर जिम्मेदारो व्दारा ध्यान नहीं दिया गया है। रात्रि के समय यह स्थिति और भी खतरनाक हो जाती है, क्योंकि प्रकाश व्यवस्था प्रभावित होने से दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि संभावित दुर्घटना से पहले तत्काल क्षतिग्रस्त खंभे को हटाकर नई स्ट्रीट लाइट लगाई जाए। यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो यह लापरवाही किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है।

# मेला पार्किंग से अपाचे बाइक चोरी, चोर सीसीटीवी में कैद

नवभारत न्यूज

**नागौद 15 फरवरी। शहर के रमना मैदान थाना नागौद में लगे मेला में इस समय हजारों की संख्या में जिले वासी मेला पहुंच रहे हैं।**

बताया गया है कि 14 फरवरी की शाम बृजेश पांडेय उर्फ हल्कू पांडेय अपनी अपाचे गाड़ी क्रमांक एमपी -19 एनई -0734 पार्किंग की रसीद कटवाकर गाड़ी पार्किंग में खड़ी कर मेला देखने चला गया ।लौट कर आया तो गाड़ी नहीं थी, अज्ञात चोर ने गाड़ी का लॉक तोड़ कर गाड़ी पार कर दिया। जिस मामले की नागौद थाने में 15



फरवरी को रिपोर्ट हुई दर्ज। पुलिस थाने में मामला कायम कर अज्ञात चोर की तलाश में जुटी इस बीच अपाचे गाड़ी चोरी करने वाला चोर सीसीटीवी में हुआ।

# जगत्गुरु रामभद्राचार्य का शिवराजपुर में भव्य स्वागत

## रुद्र महायज्ञ का भंडारा आज, आयोजक रुद्र प्रताप त्रिपाठी ने की सभी से शामिल होने की अपील

नवभारत न्यूज

**सतना/ नागौद 15 फरवरी। दहलान धाम सरकार में तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामभद्राचार्य महाराज का मंगलमय पदार्पण हुआ, धर्मवीर पं रुद्र प्रताप त्रिपाठी ने जगद्गुरु जी का पुष्पहार पहनाकर रुद्र महायज्ञ का स्मृति शील्ड भेंट किया ।**

महाराज श्री ने शिव पार्वती विवाह महामृत्युंजय मंत्र की महिमा का वर्णन करते हुए मार्कण्डेय ऋषि की शिवभक्ति महामृत्युंजय के फल से चिरंजीवी होने की कथा सुनाई एवं श्री त्रिपाठी द्वारा निरंतर महायज्ञ की





मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए आशीर्वाद प्रदान किया। श्री रुद्र महायज्ञ में 9 दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का आज गरिमा पूर्ण ढंग से विश्राम हो गया।

श्रीकृष्ण और सुदामा प्रसंग की कथा सुन भाव विभोर हुए श्रोता

कथा प्रसंग में आचार्य जी ने आज श्रीकृष्ण और सुदामा के निश्छल मित्रता संबंध का वर्णन करके श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। आपने कहा कि 80 वर्ष पूर्व इन दोनों ने उज्जैन में संदीपन ऋषि के आश्रम में विद्याध्ययन किया था दोनों गुरुकुल में मात्र 64 दिनों तक रहे। कालगति के परिणाम स्वरूप भगवान कृष्ण द्वारकाधीश बन गये और सुदामा दरिद्रता की चक्की में पिसते रहे।

इस प्रसंग को सुनकर श्रोता दृवित हो गए। इस लीला ने भगवान श्री कृष्ण को लोकोत्तर महापुरुष बना दिया। अंत में राजा दत्त चरित्र नौ योगेश्वरों की कथा और परिक्षित के मोक्ष की कथा सुनाते हुए आपने कथा का विश्राम किया। संचालन आशीष कुमार बाजपेयी ने किया उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ,पूर्व विधायक गुनौर महेंद्र बागरी, डॉ राकेश अग्रवाल, आभा अग्रवाल, पूर्व महापौर ममता पाण्डेय ,बालकृष्ण शुक्ला, राकेश पटेल आदि मौजूद रहे।

### आज होगा महाप्रसाद विशाल भंडारा

यजमान पं चंद्रशेखर त्रिपाठी गोविंदा गर्ग ने सभी से महाप्रसाद भण्डारा में पधारकर प्रसाद ग्रहण करने का आग्रह किया है।

# पुत्री की तलाश में दर-दर की ठोकरें खा रहा है वृद्ध दंपत्ति

## दंपत्ति ने बेटी बूटी की हत्या की जताई आशंका, थाना नागौद और जसो में दिया शिकायत

नवभारत न्यूज

**नागौद 15 फरवरी, फरियादी किशोरी चौधरी पिता सिपहिया चौधरी उम्र 60 वर्ष निवासी उमरी ब्रिज थाना नागौद जिला सतना ने आप बीती सुनाते हुए बताया कि मेरी बेटी बूटी चौधरी का विवाह शिवकुमार चौधरी निवासी राधेपुर के साथ 20 वर्ष पहले हुआ था मेरी बेटी के 3 बच्चे हैं,मेरा दामाद शिवकुमार मिस्त्री का काम करता है और मेरी बेटी और बच्चों को लेकर बाहर कमाने गया था.**

विगत 6 महीने से हमारी बेटी का पता नहीं है जबकि दामाद और बच्चे गांव वापस आ गए हैं ,मेरी बेटी और



नाती बताते थे कि दामाद हमारे साथ बहुत मारपीट करता है,मुझे आशंका है कि मेरे दामाद ने ही मेरी बेटी की हत्या कर दी है। उक्ताशय की लिखित शिकायत थाने में दर्ज करवाई गई है।

**नागौद और जसो थाने के बीच घूमते फिर रहे वृद्ध दम्पति-** शिवकुमार चौधरी और उनकी पत्नी पुनिया ने बताया कि मेरी बेटी के 2 छोटे छोटे बच्चे हमारे पास है जबकि बड़ा लड़का दामाद के पास है,हमारे पास मजदूरी के शिवाय रोजी का कोई दूसरा साधन नहीं, हम दोनों बूढ़े है हमारे लड़का नहीं है इन बच्चों की परवरिश का जिम्मा भी हमारे ऊपर है ।हम रोज पुलिस थाने के चक्कर लगाए या मजदूरी करें।

इस मामले में फरियादी का थाना नागौद लगता है और फरियादी द्वारा आरोपित ब्यक्ति का थाना जसो लगता है, फरियादी ने बताया कि नागौद थाने जाते है तो बोलते है जसो थाने जाओ और जसो थाने जाते तो बोलते है नागौद थाने जाओ, दोनों थानों में लिखित शिकायत देने के बावजूद भी अभी तक मेरे दामाद के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की गई। फरियादी ने पुलिस अधीक्षक सतना से फरियाद की है कि मेरे द्वारा दी गई शिकायत पर संज्ञान लेकर मुझे न्याय दिलाया जाय।

# दूल्हा बन नंदी में सवार होकर निकले भगवान भोलेनाथ

नवभारत न्यूज

**सतना 15 फरवरी। उचेहरा में भूत भावन भगवान भोलेनाथ नंदी पर सवार हो जिस समय अपने गणों के साथ ब्याह रचाने नगर की गलियों से होकर निकले जिसने भी यह नजारा देखा देखता ही रह गया।**

नगर की भोलेबाबा की ऐतिहासिक बारात में जहां सजीव रूप में श्रष्टि के रचयिता भगवान ब्रम्हा ,विष्णु ,नारद जी चल रहे थे, वहीं गणों के साथ सजीव रूप में भूत ,पिसाच बगैरह ,बगैरह नाचते चल रहे थे इस अलौकिक बारात को देखने नगर के नागरिक भला



कहां चूक सकते थे ,नगर सहित ग्रामीण जनो का हुजूम जिस रास्ते से शिव बारात को निकलना था उसके पहले से ही पलक पांव? बिछाए घण्टों इंतजार में बैठे रहे । नगर में यह अलौकिक दिव्य बारात प्रतिवर्ष गौरीशंकर मन्दिर कमेटी द्वारा नगर में निकाली जाती है।

### एक नजर में



### महाशिवरात्रि पर अखंड कीर्तन आयोजित

**उचेहरा ।** जनपद पंचायत उचेहरा के अंतर्गत ग्राम पिथौराबाद में शिवशक्ति आश्रम क्षीर सागर केंद्र पब्लिक गौशाला मंदिर में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर प्राण प्रतिष्ठा के साथ अखंड कीर्तन आयोजित हुई , जिसमें विश्वनाथ कुशवाहा ,दयारम कुशवाहा भानू प्रसाद कुशवाहा , श्याम सुंदर कुशवाहा ,रामबली कुशवाहा, हरिराम कुशवाह, मुन्नीलाल कुशवाहा ,चंद्रभान सिंह ,भगवान दास पांडे ,रामनाथ कुशवाहा ,रामकेश रावत , बंदना कुशवाहा, आदि समिति के सदस्य मौजूद रहे ,16 फरवरी को बड़ा अखाड़ा मैहर के महंत एवं जानकी रमण अखाड़ा के मुख्य महंत पधार रहे हैं ।

### दीन सहायक संस्था प्रांगण में निशुल्क नेत्र शिविर का आज

**कोठी।** हर महीने की भांति संस्था प्रांगण में इस महीने भी निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन 16 फरवरी दिन सोमवार को किया गया है जो सुबह 9 बजे से प्रारंभ होकर दोपहर 1 बजे तक चलेगा। संस्था द्वारा जानकारी दी गई कि कि दीन सहायक संस्था कोठी के तत्वावधान में चित्रकूट के श्री सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय जानकी कुंड के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा नेत्र शिविर में मरीजों का निशुल्क परीक्षण किया जाएगा और मोतियाबिंद पाए जाने पर निशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा साथ ही अन्य मरीजों को दवा एवं चश्मा वितरित किए जाएंगे नेत्र रोगी संस्था प्रांगण में सुबह 9 बजे से लेकर 1 के बीच में पहुंचकर इसका लाभ प्राप्त कर सकते हैं इसके लिए वह अपने साथ अपना आधार कार्ड अवश्य लेकर आए।

### श्री राम राज्याभिषेक के साथ हुआ श्री राम कथा का विश्राम, भंडारा आज

**कोठी** ।7 फरवरी से गोरइया ग्राम के सती माता मंदिर प्रांगण में कथा व्यास निशि दीदी के मुखारविंद से चल रही संगीतमय श्री राम कथा का आज श्री राम राज्याभिषेक की कथा के साथ विश्राम हो गया ।कथा प्रसंग के दौरान रावण वध की कथा के बाद जैसे ही कथा व्यास ने संगीतमय स्वर में चौपाई कहीं की रिपु



रनजीत सुजस सुर गावत, सीता अनुज सहित प्रभु आवत और इसका अर्थ बताते हुए कहा कि जब यह बात प्रभु बजरंगबली अयोध्या पहुंचकर अयोध्या वासियों के समक्ष बताते हैं कि शत्रुओं से विजय प्राप्त करके परम प्रभु श्री राम अपने अनुज लक्ष्मण माता सीता एवं समस्त मित्रों सहित अयोध्या पधार रहे हैं जिसका उद्घोष ब्रह्मांड में मौजूद सभी देवी देवता कर रहे हैं मानो पूरी अयोध्या में उत्सव का माहौल हो जाता हैं पूरी अयोध्या में दीपावली जैसे माहौल हो जाता है और फिर परम प्रभु श्री राम पुष्पक विमान से अयोध्या पहुंचते हैं इसके बाद श्रीराम का राज्याभिषेक अयोध्या में होता है तीनों माता सहित पूरी अयोध्या खुशी से झूम उठती है गुरु वशिष्ठ उनका राजतिलक करते हैं सारी अयोध्या खुशी से नाचने गाने लगती है और दीपों से जगमगा उठती है और इसके बाद तब से लेकर आज तक उसे दिन से दीपावली का त्यौहार मनाया जाने लगता है जो लोग आज भी बनाते हैं कथा का मार्मिक प्रसंग सुनकर लोग मंत्र मुग्ध हो जाते हैं और नाचने गाने लगते हैं सभी कथा व्यास का पूजन करते हैं और भगवान की आरती उपरांत सभी को प्रसाद वितरित किया जाता है । इस दौरान हजारों की संख्या में महिला पुरुष बच्चे बुजुर्ग सहित सभी ग्राम वासी मौजूद रहे , सोमवार को कथा प्रांगण पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है आयोजन समिति ने समस्त क्षेत्र वासियों से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर श्री राम कथा के भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित करें।

# प्राकृतिक खेती के विस्तार परियोजना से 20 सब्जी उत्पादक किसान बने आत्मनिर्भर

नवभारत न्यूज

**बरौंधा 15 फरवरी। अखिल भारतीय समाज सेवा संस्थान चित्रकूट द्वारा संचालित विस्तार परियोजना जो IndusInd Bank एवं SRIJAN के वित्तीय सहयोग से क्रियान्वित की जा रही है, जिसके अंतर्गत प्राकृतिक एवं सतत कृषि को बढ़ावा देने हेतु 20 किसानों का प्रशिक्षण एवं कृषि सामग्री वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।**

कार्यक्रम के अंतर्गत किसानों को प्राकृतिक एवं जैविक सब्जी उत्पादन विषय पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण मे प्राकृतिक खेती के सिद्धांतों के साथ-साथ घनजीवामृत, द्रव जीवामृत एवं नीमास्त्र (जैविक कीटनाशक) की तैयारी एवं उपयोग की व्यवहारिक जानकारी दी गई। साथ ही फसल नियोजन, मिश्रित खेती एवं मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन पर विशेष जोर दिया गया।

वर्तमान में सभी 20 किसान प्राकृतिक पद्धति से सब्जी उत्पादन कर रहे हैं। कुल 1600 से 2000 वर्ग मीटर क्षेत्र में खेती की जा रही है, जिसमें 75 प्रतिशत क्षेत्र मुख्य फसल के अंतर्गत है।

# महाशिवरात्रि पर जगह-जगह हुए पूजन और भंडारा

नवभारत न्यूज

**कोठी 15 फरवरी। महाशिवरात्रि के पावन पर्व के शुभ अवसर पर कोठी सहित ग्रामीण अंचल में भी प्रभु भोलेनाथ की पूजा अर्चना के साथ भंडारा कार्यक्रम आयोजित किए गए ।**

मंदिरों एवं शिवालयों में सुबह से ही काफी संख्या में श्रद्धालु एवं भक्तों की भीड़ देखी गई महिला पुरुष बच्चे बुजुर्ग सभी मंदिरों में पहुंचकर प्रभु भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की, कोठी के मरघट नाथ



आश्रम पर आज भीड़ देखते ही बनती थी वहां पर प्रति वर्षों की भांति इस वर्ष भी मेला लगा जहां पर काफी संख्या में नगर के लोग पहुंचे, इसके साथ-साथ लोगों के घरों में भी धार्मिक अनुष्ठान किए गए और भंडारा आयोजित किए गए कोठी के वार्ड क्रमांक 5 में पंडित कोदू लाल शर्मा ने अपने निज निवास में प्रभु भोलेनाथ की स्थापना के अवसर पर पूजा अर्चना कर सभी को प्रसाद वितरित किया गया जिसमें काफी संख्या में लोग पहुंचे और प्रसाद ग्रहण किया वहीं बैरगला के गौतम परिवार ने भी अपने निज निवास में स्थापित शिव मंदिर में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर रुद्राभिषेक कर भंडारा का आयोजन किया जिसमें सैकड़ो लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया इसके साथ-साथ नगर व ग्रामीण अंचलों में जगह-जगह शिवालयों में पूजन अर्चन के साथ भंडारा प्रसाद आयोजित हुए जिसमें काफी संख्या में भक्त शामिल रहे।

# ग्रामोदय विश्वविद्यालय का स्थापना स्मृति दिवस आयोजित

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट,15 फरवरी । महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय का स्थापना स्मृति दिवस अत्यंत श्रद्धा, उल्लास और गरिमामय वातावरण में मनाया गया।**

इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर स्थित आनंदेश्वर मंदिर में रुद्राभिषेक, हवन, आरती एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. आलोक चौबे ने यजमान के रूप में विधिवत रुद्राभिषेक किया। वैदिक मंत्रोच्चार एवं भक्तिमय वातावरण के बीच संपन्न हुए इस अनुष्ठान में विश्वविद्यालय परिवार के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी




एवं छात्र-छात्राओं ने श्रद्धाभाव से भाग लिया। स्थापना स्मृति दिवस के अवसर पर 8 से 12 फरवरी 2026 तक आयोजित ग्रामोदय महोत्सव के अंतर्गत संपन्न विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार वितरण समारोह विश्वविद्यालय के वाल्मीकि सभागार में आयोजित हुआ। ग्रामोदय महोत्सव के दौरान सांस्कृतिक, ललित कला, बौद्धिक एवं खेलकूद की विविध प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थीं। पुरस्कार वितरण समारोह में कुलगुरु प्रो आलोक चौबे ने सील्ड, स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र प्रदान किया। सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के 88, ललित कला में 09, बौद्धिक प्रतियोगिताओ के 12 तथा खेलकूद प्रतियोगिताओं में 125 विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए।

# नि :शुल्क नेत्र शिविर में 100 लोगों को मिला लाभ

नवभारत न्यूज

**रामपुर बाघेलान 15 फरवरी । ग्राम पंचायत बेला में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन समरिटन हॉस्पिटल पतेरी सतना के तत्वावधान में किया गया ।**

शिविर में डॉक्टर उत्तम त्रिपाठी बीओएमएस और प्रेमचंद वर्मा हेल्थ वर्कर के द्वारा निशुल्क नेत्र परीक्षण किया गया, ग्राम पंचायत बेला के सरपंच संजीव सिंह की उपस्थिति में डॉक्टर उत्तम त्रिपाठी द्वारा लोगों का जांच कर दवा एवं एक अच्छा उपचार किया गया, वहीं कुछ लोगों को निशुल्क इलाज के लिए, सतना रेफर किया गया है। इस अवसर सचिव सुखपत विश्वकर्मा,रोजगार सहायक राजेंद्र सिंह ,धर्मराज सिंह परिहार,पुष्पेंद्र सिंह परिहार ,करुणेंद्र भारतीय




जनता पार्टी मंडल छिबौरा आईटी प्रभारी, जे बी सिंह, सोनबरसा ,सुनील सिंह परिहार, अर्जुन सिंह घाटबेलवा ,राज किशोर सिंह,धर्मपाल सिंह परिहार, , हेमंत कुमार वर्मा सहित कई लोग मौजूद रहे ग्राम पंचायत बेला के सरपंच संजीव सिंह परिहार पिंटू भैया के नेतृत्व में आज ग्राम पंचायत बेला के पंचायत भवन में निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया।एक एक उल्लेखनीय ग्राम पंचायत बेला के सरपंच को आए हुए मरीजों ने धन्यवाद ज्ञापित किया आज सैकड़ो लोग इस निशुल्क इस जांच शिविर का लाभ लिए और 9 मरीजों को सतना स्थित समरिटन अस्पताल में निशुल्क ऑपरेशन के लिए ले जाया गया। बेला सरपंच संजीव सिंह पिंटू भैया अच्छे आयोजन करने के लिए हमेशा तात्पर्य एवं एक्टिव रहते हैं उनके कार्य एवं उत्कर्ष को देखकर लोगों में काफी उत्साह एवं खुशी का भाव देखने को मिला।